# 5 राजस्थान की जलवायु

1. राजस्थान में मानसून के प्रत्यावर्तन का समय क्या है ?
(1) जून व जुलाई (2) नवम्बर व दिसम्बर
(3) अक्टुबर व नवम्बर (4) अगस्त व सितम्बर (3)

2. राजस्थान में शीतकाल में होने वाली वर्षा (मावठ) निम्न में से किसके कारण होती है ?
(1) बंगाल की खाड़ी की मानसूनी हवाएँ
(2) दक्षिणी पश्चिमी मानसूनी हवाएँ
(3) पश्चिमी विक्षोभ
(4) पछुआ हवायें (3)

3. तापमान, वर्षा एवं आर्द्रता के आधार पर राजस्थान को कितने जलवायु प्रदेशों में बांटा जा सकता है?
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5 (4)

**व्याख्या–** भारतीय वैज्ञानिकों ने वर्षा, तापमान व आर्द्रता के आधार पर राजस्थान को 5 जलवायु प्रदेशों में बांटा है।
1. शुष्क जलवायु प्रदेश 2. अर्द्ध शुष्क जलवायु प्रदेश
3. उपआर्द्र जलवायु प्रदेश 4. आर्द्र जलवायु प्रदेश
5. अतिआर्द्र जलवायु प्रदेश

4. निम्न में से कौनसा कारण राजस्थान की जलवायु को प्रभावित नहीं करता है ?
(1) राजस्थान की अक्षांशीय स्थिति
(2) समुद्र तट से दूरी
(3) अरावली पर्वत श्रेणी की स्थिति
(4) तापमान में विविधता का होना (4)

5. राजस्थान में भारतीय मौसम विभाग की वेधशाला कहाँ है?
(1) जैसलमेर (2) माऊंट आबू
(3) झालावाड़ (4) जयपुर (4)

6. भारत की परम्परागत ऋतुओं के अनुसार वर्ष को कितनी ऋतुओं में बांटा जाता है–
(1) 2 (2) 3
(3) 5 (4) 6 (4)

**व्याख्या–** भारतीय परम्परा के अनुसार वर्ष को द्विमासिक 6 ऋतुओं में बांटा जाता है, जो निम्न प्रकार है–
1. बसन्त ऋतु– चैत्र, बैसाख 2. ग्रीष्म ऋतु– ज्येष्ठ, आषाढ़,
3. वर्षा ऋतु– श्रावण, भाद्रपद 4. शरद ऋतु–आश्विन, कार्तिक
5. हेमन्त ऋतु– मार्गशीर्ष, पौष 6. शिशिर ऋतु– माघ, फाल्गुन

7. राज्य में वर्षा ऋतु की अवधि रहती है?
(1) जुलाई से अक्टूबर तक
(2) मध्य जून से सितम्बर तक
(3) जूलाई से मध्य अक्टूबर तक
(4) जून से मध्य नवम्बर तक (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में होने वाली कुल वर्षा की 90 प्रतिशत वर्षा बंगाल की खाड़ी शाखा से होती है।

8. राज्य में वर्षा के दिनों की औसत संख्या वर्ष में कितने दिन है?
(1) 29 दिन (2) 40 दिन
(3) 48 दिन (4) 31 दिन (1)

9. राजस्थान का शिमला कहलाता है?
(1) झालावाड़ (2) पीपलूद
(3) उदयपुर (4) माउंट आबू (4)

10. सर्दियों के दिनो में उत्तर दिशा से चलने वाली शीतलहर को कहते है?
(1) लू (2) भभूल्या
(3) डांफर (4) सूरया (3)

11. राजस्थान को कितने कृषि जलवायु प्रदेशों में विभक्त किया गया है?
(1) 5 (2) 8
(3) 10 (4) 12 (3)

12. समान वर्षा वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा को कहा जाता है?
(1) कर्क रेखा (2) समताप रेखा
(3) समदाब रेखा (4) समवर्षा रेखा (4)

13. राजस्थान में न्यूनतम आर्द्र महीना कौनसा है?
(1) अप्रैल (2) मई
(3) अगस्त (4) अक्टूबर (1)

14. राजस्थान में गर्मियों में धूल भरे चक्राकार बवण्डर उठते हैं उसे कहते हैं?
(1) लू (2) पुरवाइयाँ
(3) भभूल्या (4) डांफर (3)

15. राज्य का सर्वाधिक आर्द्र स्थान है?
(1) झालावाड़ (2) कोटा
(3) माउण्ट आबू (4) बाँसवाड़ा (3)

16. राज्य में सर्वाधिक गर्म व तेज हवाएँ किस माह में चलती है?
(1) अप्रैल (2) जून
(3) नवम्बर (4) जनवरी (2)

17. राज्य का सर्वाधिक ठण्डा जिला कौनसा है?
(1) जैसलमेर (2) बीकानेर
(3) बाड़मेर (4) चुरू (4)

18. राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा किस माह में होती है?
(1) अप्रैल (2) जुलाई
(3) अगस्त (4) सितम्बर (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में जुलाई व अगस्त माह में सर्वाधिक वर्षा होती है। अगस्त माह की तुलना में जुलाई माह में अधिक वर्षा होती है। प्रशासनिक प्रतिवेदन 2020–21 कृषि विभाग राजस्थान के अनुसार वर्ष 2020 में जुलाई माह में 15.3 सेमी तथा अगस्त माह में 14.7 सेमी वर्षा हुई।

19. राज्य में न्यूनतम वर्षा वाले दिनों की संख्या केवल 5 दिन किस जिले की है?
(1) जोधपुर (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर (4) बीकानेर (3)

**व्याख्या–** राजस्थान में सबसे कम वर्षा वाला जिला जैसलमेर है। जैसलमेर में औसतन 5 दिन वर्षा होती है, यहाँ का वार्षिक वर्षा का औसत 10 सेमी. है।

20. थॉर्नवेट जलवायु वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान का अधिकांश भाग जिस जलवायु प्रदेश में पाया जाता है, वह है–
(1) DA'w (2) CA'w
(3) DB'w (4) EA'd (1)

व्याख्या– थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान का अधिकांश भाग DA'w जलवायु प्रदेश में आता है। इस प्रदेश में राजस्थान में लगभग 21 जिले आते हैं।

21. थोर्नवेट के वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौनसी उष्ण कटिबंधीय मरूस्थलीय जलवायु को दर्शाता है–
(1) DA'w (2) CA'w
(3) DB'w (4) EA'd (4)

व्याख्या– थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार EA'd जलवायु प्रदेश (उष्ण मरूस्थलीय जलवायु प्रदेश) में जैसलमेर, उत्तरी बाड़मेर, पश्चिमी बीकानेर व उत्तर पश्चिमी जोधपुर जिले आते हैं।

22. राज्य में औसत वार्षिक तापमान कितना है ?
(1) 14.17 $^{o}$ सेल्सियस (2) 28.20$^{o}$ सेल्सियस
(3) 12.17$^{o}$ सेल्सियस (4) 38$^{o}$ सेल्सियस (4)

23. अंक्षाशीय स्थिति के अनुसार राजस्थान के कौनसे जिले उष्ण कटिबंध क्षेत्रों में स्थित है?
(1) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर (2) उदयपुर, डूँगरपुर
(3) कोटा, झालावाड़ (4) सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़ (1)

24. राजस्थान में दक्षिणी पश्चिमी दिशा से चलने वाली हवा क्या कहलाती है
(1) सूरया (2) संजेरी
(3) समदरी (4) लंकाऊ (3)

25. राजस्थान में किस दिनांक को सबसे लम्बी रात होती है–
(1) 21 मार्च (2) 22 दिसम्बर
(3) 21 जून (4) 23 सितम्बर (2)

26. कौनसा जिलों का समूह उनके औसत वार्षिक वर्षा के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित है–
(1) बूँदी–अजमेर–नागौर–गंगानगर
(2) बूँदी–गंगानगर–अजमेर–नागौर
(3) अजमेर–भरतपुर–बारां–सिरोही
(4) अलवर–टोंक–भीलवाड़ा–चित्तौड़गढ़ (1)

27. निम्नलिखित में से कौन–सा Bshw प्रकार की जलवायु दर्शाता है–
(1) गंगानगर (2) जालौर
(3) डूँगरपुर (4) बीकानेर (2)

28. कोपेन वर्गीकरण के अनुसार बीकानेर व जैसलमेर के पश्चिमी भागों में किस प्रकार की जलवायु है–
(1) BShw (2) Cwg
(3) BWhw (4) Aw (3)

29. राजस्थान का कौनसा क्षेत्र अर्द्धशुष्क अथवा स्टेपी जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आता है–
(1) जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर
(2) अजमेर, जयपुर, अलवर, टोंक
(3) भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर
(4) जालौर, पाली, जोधपुर, नागौर, सीकर, झुंझुनूं (4)

व्याख्या– भारतीय वैज्ञानिकों के वर्गीकरण के अनुसार अर्द्ध शुष्क जलवायु प्रदेश में हनुमानगढ़, गंगानगर, चुरू, जालौर, पाली, दक्षिणी पूर्वी जोधपुर, नागौर, सीकर, झुंझुनूं व दक्षिणी पूर्वी बाड़मेर जिले आते हैं। इस प्रदेश में मुख्यतः स्टेपी तुल्य वनस्पति पाई जाती है।

30. निम्न में से किस जिले को राजस्थान में सर्वाधिक वार्षिक वर्षा प्राप्त होती है–
(1) प्रतापगढ़ (2) बीकानेर
(3) कोटा (4) सिरोही (1)

31. राजस्थान में वर्षा के लिए उत्तरदायी ग्रीष्मकालीन मानसूनी पवनें किस महासागर से आती है–
(1) भूमध्य सागर (2) दक्षिणी चीन सागर
(3) कैरेबियाई सागर (4) हिन्द महासागर (4)

32. पश्चिमी राजस्थान में अल्प वर्षा के लिए निम्नांकित में से कौनसा कारण नहीं है–
(1) मानसून आगमन के समय में अति उष्णता
(2) ग्रीष्म काल के दौरान उच्च वायुदाब
(3) अरावली की अवस्थिति
(4) वृष्टि छाया प्रदेश में अवस्थित (2)

33. राजस्थान में जुलाई माह में 1000 मिलीबार की समदाब रेखा किन–किन जिलों से गुजरती है–
(1) सिरोही, उदयपुर, प्रतापगढ़, झालावाड़
(2) जैसलमेर व बीकानेर
(3) जालौर, पाली, अजमेर, टोंक
(4) बाड़मेर, जोधपुर, नागौर, झुंझुनूं (1)

34. भारतीय मौसम विभाग के वर्गीकरण के अनुसार जयपुर, अलवर व अजमेर किस जलवायु प्रदेश में आते हैं–
(1) शुष्क जलवायु प्रदेश (2) अर्द्धशुष्क जलवायु प्रदेश
(3) उपआर्द्र जलवायु प्रदेश (4) आर्द्र जलवायु प्रदेश (3)

व्याख्या– भारतीय वैज्ञानिकों के वर्गीकरण के अनुसार उपआर्द्र जलवायु प्रदेश में जयपुर, अलवर, अजमेर, दौसा, भीलवाड़ा, सिरोही, टोंक व पूर्वी पाली जिले आते हैं।

35. राजस्थान में न्यूनतम आर्द्रता वाला जिला है–
(1) हनुमानगढ़ (2) जैसलमेर
(3) जालौर (4) चुरू (2)

36. राजस्थान में वाष्पोत्सर्जन की सर्वाधिक दर वाला महीना है–
(1) अप्रैल (2) दिसम्बर
(3) नवम्बर (4) जून (4)

37. राजस्थान में दक्षिण पूर्व दिशा से चलने वाली हवा कहलाती है–
(1) संजेरी (2) समदरी
(3) चील (4) लंकाऊ (3)

व्याख्या– चील– दक्षिण पूर्वी दिशा से चलने वाली हवा
संजेरी – उत्तर पूर्व दिशा से चलने वाली हवा
समदरी – दक्षिण पश्चिम दिशा से चलने वाली हवा
लंकाऊ – दक्षिण दिशा से चलने वाली हवा

38. राजस्थान में वाष्पोत्सर्जन की न्यूनतम दर वाला महीना है–
(1) अप्रैल (2) सितम्बर
(3) फरवरी (4) दिसम्बर (4)

39. राजस्थान में दक्षिण दिशा से चलने वाली हवा कहलाती है–
(1) समदरी (2) चील
(3) संजेरी (4) लंकाऊ (4)

40. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौनसा जिला BShw जलवायु प्रदेश में शामिल नहीं है–
(1) नागौर (2) बीकानेर
(3) पाली (4) सिरोही (2)

**व्याख्या–**कोपेन की जलवायु वर्गीकरण के अनुसार बीकानेर BWhw जलवायु प्रदेश में शामिल है।

41. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौनसा जिला Cwg जलवायु प्रदेश में शामिल नहीं है–
(1) कोटा (2) अजमेर
(3) भरतपुर (4) प्रतापगढ़ (4)

**व्याख्या–** प्रतापगढ़ जिला Aw जलवायु प्रदेश में आता है।

42. भारतीय मौसम विभाग के वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौनसा जिला उपआर्द्र जलवायु प्रदेश में शामिल नहीं है–
(1) झुंझुनूं (2) भीलवाड़ा
(3) अजमेर (4) सिरोही (1)

43. थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौनसा जिला DA'w जलवायु प्रदेश में शामिल नहीं है–
(1) सवाई माधोपुर (2) सिरोही
(3) बारां (4) बाड़मेर (3)

**व्याख्या–** बारां जिला CA'w जलवायु प्रदेश में आता है।

44. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौनसा जिला BWhw जलवायु प्रदेश में शामिल नहीं है–
(1) पाली (2) हनुमानगढ़
(3) बीकानेर (4) गंगानगर (1)

45. सूर्य और पृथ्वी के बीच निम्नतम दूरी की घटना 'उपसौर' कब होती है–
(1) 3 जनवरी (2) 4 जुलाई
(3) 5 मार्च (4) 8 दिसम्बर (1)

46. थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौनसा जिला CA'w जलवायु प्रदेश में शामिल नहीं है–
(1) प्रतापगढ़ (2) झालावाड़
(3) बारां (4) राजसमन्द (4)

47. अलनीनो के अत्यधिक सक्रिय होने पर भारतीय मानसून पर क्या प्रभाव पड़ता है–
(1) भारतीय मानसून की शक्ति बढ़ जाती है।
(2) भारतीय मानसून कमजोर पड़ जाता है।
(3) मानसून समय से पूर्व आ जाता है।
(4) कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। (2)

**व्याख्या–** अलनीनो एक गर्म जलधारा है, जो दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप के पश्चिम में प्रशान्त महासागर में ग्रीष्मकालीन मानसून के दौरान सक्रिय होती है। जब अलनीनो अत्यधिक सक्रिय होती है तो इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ जाता है, परिणामस्वरूप भारत व पड़ौसी देशों में अल्पवृष्टि एवं सूखे की स्थिति पैदा हो जाती है।

48. राजस्थान में मावठ से सर्वाधिक लाभान्वित होने वाली फसलें हैं–
(1) मूँगफली व कपास (2) तिल व सोयाबीन
(3) बाजरा व मोठ (4) चना व गेहूँ (4)

49. ला नीनो के अत्यधिक सक्रिय होने पर भारतीय मानसून पर क्या प्रभाव पड़ता है–
(1) भारतीय मानसून की शक्ति बढ़ जाती है।
(2) भारतीय मानसून कमजोर पड़ जाता है।
(3) मानसून समय से पूर्व लौट जाता है।
(4) कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। (1)

**व्याख्या–** ला नीनो एक ठण्डी जलधारा है जो कि ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के उत्तर पूर्व में अलनीनो के विपरीत उत्पन्न होती है। इससे भारतीय मानसून की शक्ति बढ़ जाती है और भारत में अतिवृष्टि की स्थिति पैदा हो जाती है।

50. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार Cwg जलवायु प्रदेश में शामिल जिलों का सही युग्म है–
(1) जयपुर, दौसा, करौली, धौलपुर
(2) जोधपुर, बाड़मेर, पाली, नागौर
(3) चुरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, गंगानगर
(4) प्रतापगढ़, झालावाड़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा (1)

51. ट्रिवार्था वर्गीकरण के अनुसार उष्ण एवं अर्द्ध उष्ण कटिबंधीय जलवायु प्रदेश का प्रतिनिधि जिला कौनसा है–
(1) नागौर (2) सवाई माधोपुर
(3) डूँगरपुर (4) अजमेर (1)

**व्याख्या–** ट्रिवार्था के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार शुष्क मरूस्थलीय जलवायु प्रदेश का प्रतिनिधि जिला जैसलमेर है।

52. वर्षा मापने के यंत्र को क्या कहा जाता है–
(1) फेदोमीटर (2) रेनोमीटर
(3) लेक्टोमीटर (4) इनमें से कोई नहीं (2)

53. राज्य को उत्तर पश्चिम मरूस्थल को 2 भागों में बांटने वाले वर्षा रेखा कौनसी है–
(1) 50 सेमी. (2) 30 सेमी.
(3) 80 सेमी. (4) 25 सेमी. (4)

54. ट्रिवार्था के वर्गीकरण में अर्द्धउष्ण आर्द्र जलवायु प्रदेश के प्रतिनिधित्व वाला जिला कौनसा है–
(1) नागौर (2) बीकानेर
(3) सवाई माधोपुर (4) जालौर (3)

**व्याख्या–** ट्रिवार्था के वर्गीकरण के अनुसार जलवायु प्रदेशों व उनके प्रतिनिधि जिलों का विवरण निम्न प्रकार है–
BWh – जैसलमेर Bsh– नागौर
Caw – सवाई माधोपुर Aw – डूँगरपुर

55. निम्न में से कौनसा जलवायु प्रदेश कोपेन के वर्गीकरण में नहीं है–
(1) BWhw (2) Bshw
(3) BWh (4) Aw (3)

**व्याख्या–** कोपेन के वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान में निम्न 4 जलवायु प्रदेश हैं– BWhw, Bshw, Cwg, Aw

56. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार असुमेलित युग्म है–
(1) B –Dry climate
(2) W–Winter dry summer rainy
(3) S– Stepy climate
(4) C–मध्य अक्षांशीय जलवायु (8°–18°) (2)

व्याख्या– कोपेन द्वारा प्रयोग किये गये सांकेतिक कूट के अनुसार W का तात्पर्य Desert climate है।

57. राजस्थान में शीतकालीन वर्षा करने वाले विक्षोभों की उत्पत्ति होती है–
(1) अंटार्टिक महासागर (2) हिन्द महासागर
(3) अंटलाटिक महासागर (4) भूमध्य सागर (4)

58. निम्न में से असत्य कथन छाँटिए–
(1) थॉर्नवेट ने अपने जलवायु वर्गीकरण का आधार वनस्पति है लेकिन साथ ही वर्षा व वाष्पीकरण का भी ध्यान रखा है।
(2) कोपेन के जलवायु वर्गीकरण का आधार वनस्पति है।
(3) ट्रिवार्था के जलवायु वर्गीकरण का आधार वर्षा है।
(4) कोपेन ने राजस्थान को 5 जलवायु प्रदेशों में बांटा है। (4)

व्याख्या–कोपेन के वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान को चार जलवायु प्रदशों में बाँटा गया है।

59. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार झुँझुनू जिले की जलवायु किस कोटी में रखी जा सकती है?
(1) शुष्क उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश
(2) अर्द्ध शुष्क जलवायु प्रदेश
(3) उप आर्द्र जलवायु प्रदेश
(4) उष्ण कटिबन्धीय आर्द्र जलवायु प्रदेश (2)

60. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौन से सही सुमेलित है–
(1) Cwg – भरतपुर (2) Bwhw – गंगानगर
(3) Aw – बाँसवाड़ा (4) Bshw – जयपुर
(A) विकल्प 2 व 4 (B) केवल 4
(C) 1, 2 व 3 (D) केवल 1 व 3 (3)

व्याख्या– कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार जयपुर Cwg जलवायु प्रदेश में शामिल है।

Learn, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–







**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**